1. दूरस्थ शिक्षा (Distance Learning Education) के माध्यम से प्राप्त डिग्री मान्य नहीं है। इनसे सम्बन्धित अभ्यर्थी आवेदन न करें।
2. आवेदन के समय तक स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिये।

5. **आरक्षणः–(i)** अनुसूचित जाति (SC), तथा अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC-NCL) तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) तथा अन्य क्षैतिज आरक्षण वर्ग के अभ्यर्थियों को उ0प्र0 राज्य में लागू नियमानुसार आरक्षण का लाभ प्रदान किया जायेगा। आरक्षण का लाभ लेने हेतु उत्तर प्रदेश (उ0प्र0) का मूल निवासी होना आवश्यक है। वे अभ्यर्थी जो उ0प्र0 के मूल निवासी नहीं हैं, अनारक्षित श्रेणी के अन्तर्गत ही आवेदन करें।
(ii) आरक्षित पदों की संख्या विज्ञापित रिक्तियों हेतु दी गई तालिका के अनुसार होंगे।

6. **आवेदन शुल्कः** आवेदन शुल्क एवं प्रोसेसिंग शुल्क (Processing Fees) अप्रतिदेय (Non Refundable) है।

अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति श्रेणी (उ0प्र0 के मूल निवासी)	रू0 826.00 (जीएसटी सहित)
अन्य श्रेणी	रू0 1180.00 (जीएसटी सहित)
दिव्यांगजन (उ0प्र0 के मूल निवासी)	रू0 12.00 (जीएसटी सहित)

(a) आवेदन शुल्क नेट बैंकिंग/डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड के द्वारा Payment Gateway of SBMOPS के माध्यम से किया जायेगा। इसके अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम से आवेदन शुल्क जमा नहीं होगा। जमा करने की विधि वेबसाइट www.uprvunl.org पर उपलब्ध है, **बैंक चार्जेज अभ्यर्थी द्वारा अलग से देय होंगे।**
(b) आवेदन शुल्क के मद में जमा की गयी धनराशि किसी भी दशा में न तो वापस की जायेगी और न ही स्थानान्तरित अथवा किसी अग्रिम चयन हेतु सुरक्षित की जायेगी।

7. **पाठ्यक्रम एवं चयन प्रक्रिया :–**

1. कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) एवं टंकण परीक्षा होगी। कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) की अवधि 03 घण्टे की होगी,
2. मात्र B (Blind) के अभ्यर्थियों के लिए कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) की अवधि 04 घण्टे की होगी एवं Scriber का Details Annexure-II पर दिये गये Scribe Declaration Form फॉर्म को भर कर (CBT) के ऑनलाइन एप्लिकेशन फॉर्म में अपलोड करना अनिवार्य है तथा B (Blind) के अभ्यर्थी Scriber का खर्च स्वयं वहन करेंगे एवं Scriber की शैक्षिक योग्यता इण्टरमीडियट स्तर से अधिक का ना हो।

प्रथम भाग कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) :–

(i) इस भाग में NIELIT के "CCC" स्तर के कम्प्यूटर ज्ञान से सम्बन्धित वस्तुनिष्ठ प्रकार का प्रश्न–पत्र होगा, जिसमें 50 प्रश्न होंगे। प्रत्येक प्रश्न 01 अंक का होगा अर्थात यह परीक्षा अधिकतम 50 अंको की होगी। प्रत्येक गलत उत्तर के लिये ऋणात्मक 1/4 अंक प्रदान किये जायेंगे अर्थात 1/4 अंक की कटौती की जायेगी।
(ii) कम्प्यूटर ज्ञान के प्रथम भाग की इस परीक्षा में कम से कम 20 अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित अभ्यर्थी को अर्ह न मानते हुए उसकी लिखित परीक्षा के द्वितीय भाग का मूल्यांकन नहीं किया जायेगा।
(iii) कम्प्यूटर ज्ञान के इस प्रथम भाग में प्राप्त किये गये अंक श्रेष्ठता निर्धारण हेतु जोड़े नहीं जायेंगे।

द्वितीय भाग कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) :–

इस भाग में निम्नांकित पाठ्यक्रम से सम्बन्धित वस्तुनिष्ठ प्रकार का प्रश्न पत्र होगा जिनके अधिकतम अंक सम्मुख अंकित है, प्रत्येक प्रश्न 01 अंक का होगा तथा प्रत्येक गलत उत्तर के लिये ऋणात्मक 1/4 अंक प्रदान किये जायेंगे अर्थात 1/4 अंक की कटौती की जायेगी।

कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) में अनुसूचित जाति श्रेणी के अभ्यर्थियों को न्यूनतम 28 प्रतिशत एवं अन्य श्रेणी के अभ्यर्थियों को न्यूनतम 33 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य है।

पाठ्यक्रम	प्रश्नों की संख्या	अधिकतम अंक
1. सामान्य अध्ययन व तार्किक ज्ञान	25 45	25 45
2. सामान्य हिन्दी (इण्टरमीडिएट सामान्य स्तर)	55	55
3. सामान्य अंग्रेजी (इण्टरमीडिएट सामान्य स्तर)	55	55
कुल अंक		180